लोकसभा अध्यक्ष ने दशहरा की पूर्व संध्या पर लोगों को बधाई दी

नई दिल्ली, 14 अक्टूबर, 2021 : लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने दशहरे की पूर्व संध्या पर देशवासियों को बधाई दी है। अपने संदेश में श्री बिरला ने कहा है:

"विजयादशमी पर सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

विजयादशमी असत्य पर सत्य, अधर्म पर धर्म और बुराई पर अच्छाई की जीत का उत्सव है। इसी दिन मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम द्वारा अधर्म, अहंकार एवं बुराई के प्रतीक रावण का अंत किया गया था और पृथ्वी पर सुख, शांति और समृद्धि से युक्त रामराज्य की नींव रखी गई थी।

यह पर्व हमारी सांस्कृतिक विविधता और समृद्ध ऐतिहासिक धरोहर का विराट प्रतीक भी है।

मेरी कामना है कि आप इस पावन अवसर को आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाएं एवं इस त्योहार का पूरा आनंद लें। मेरी शुभकामना है कि दशहरा आपके तथा आपके प्रियजनों के जीवन में ढेर सारी खुशियां लेकर आए। जय हिन्द।"